*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

## 10 वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए
## करियर मार्गदर्शन कार्यशाला
## जानकी देवी बजाज ग्राम विकास संस्था एवं जनसंपर्क विभाग का आयोजन

वर्धा, 27 जून 2016: जानकी देवी बजाज ग्राम विकास संस्था, वर्धा एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी




विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग की ओर से वर्धा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में वर्धा जिले के 10 वीं एवं 12वीं में उत्तीर्ण हुए भोजनखेडा, आलोडा, निमसडा, बोरगांव, चना टाकळी, कोसुर्ला, भैय्यापुर, डवलापुर, ममदापुर आदि गावों के 80 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। हबीब तनवीर सभागार में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने की। इस अवसर पर जानकी देवी बजाज ग्राम विकास संस्था के परियोजना संयोजक विनेश काकड़े, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, अनुवाद अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, जनसंचार विभाग के राजेश लेहकपुरे, स्पेनिश भाषा के रवि



कुमार, चीनी भाषा के अनिर्बाण घोष, जापानी भाषा के सन्मति जैन, अंग्रेजी विभाग की प्रभारी मैत्रेयी, मराठी



विभाग के प्रभारी शैलेश मरजी कदम, उर्दू विभाग के प्रभारी हिमांशु शेखर तथा संस्कृत विभाग के दन्नाना उपस्थित थे। इन्होंने विश्वविद्यालय में 12वीं तथा उसके बाद के उपलब्ध पाठ्यक्रमों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। पाठ्यक्रमों को उत्तीर्ण करने के बाद कौन-कौन से क्षेत्र में करियर की संभावनाएं हैं, इसपर भी



मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम का संचालन बी. एस. मिरगे ने किया तथा आभार विनेश काकड़े ने माना। इस आयोजन के लिए जानकी देवी बजाज संस्था के प्रफुल्ल बनसोड़, निलीमा बांगरे,




यशवंत मुंगुले, प्रवीण भोंगाड़े, हेमंत नाईक, विवि के हिमांशु नारायण, अश्विन श्रीवास, गोदावरी ठाकुर, प्रिया माली आदि प्रयास किये। विद्यार्थियों ने सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास, गांधी हिल तथा विवि परिसर का भ्रमण कर विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की।